दिनांकः 19.03.2026 समय : 18.30 पीएम

आकाषवाणी जयपुर–अजमेर

प्रादेषिक समाचार

- राजस्थान दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने आज विकसित ग्राम शहरी वार्ड अभियान का शुभारंभ किया।
- राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े ने युवाओं से सेमीकंडक्टर और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में नवाचार और शोध करने का आहवान किया।
- राज्य के कई इलाकों में आंधी–बारिश का दौर –सीकर, अलवर, और कोटपूतली–बहारोड़ में ओले भी गिरे।

और

- प्रदेशभर में आज घट स्थापना के साथ ही चैत्र नवरात्र की शुरूआत।

000

चैत्र शुक्ल प्रतिपदा पर आज राजस्थान दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। इस अवसर पर कई कार्यकम आयोजित किये जा रहे है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज राजस्थान दिवस के अवसर पर जयपुर में 'विकसित ग्राम–शहरी वार्ड अभियान' का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री निवास पर आयोजित इस कार्यक्रम में उन्होंने अभियान की वेबसाइट और वीडियो का लोकार्पण भी किया। मुख्यमंत्री ने जयपुर में राजस्थान राज्य पथ परिवहन निगम की 207 नई बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अजमेर रोड़ स्थित हीरापुरा बस टर्मिनल से इन बसों को रवाना किया गया। साथ ही 700 महिलाओं को सड़क सुरक्षा अग्रदूत के रूप में हेलमेट वितरित किए गए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में सुगम और सुरक्षित सफर के लिए संकल्पित है। पत्रकारों से बातचीत में उपमुख्यमंत्री और परिवहन मंत्री डॉ. प्रेमचन्द बैरवा ने कहा कि रोडवेज में शामिल की गई इन बसों से प्रदेश में कनेक्टिविटी और बेहतर होगी।

--------------------

इसी सिलसिले में जयपुर के अल्बर्ट हॉल पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन होगा। इसमें राज्यपाल हरिभाऊ बागडे, मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी शामिल होंगी। कार्यक्रम में 100 से अधिक लोक कलाकार घूमर, कालबेलिया, कच्छी घोडी, भवई और गैर नृत्य सहित अन्य प्रस्तुति देंगे।

प्रदेश के अन्य जिलों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। सवाईमाधोपुर में मुख्य समारोह शाम को शहर के छोटा राजबाग में आयोजित होगा, जिसमें प्रसिद्ध लोक कलाकार उस्ताद गफूर खान और उनका समूह सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देंगे। जिले में सप्ताह भर विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। पाली में भी जिला प्रशासन और शिक्षा विभाग द्वारा आज 100 स्कूली विद्यार्थियों को आऊवा स्थित '1857 स्वतंत्रता संग्राम पैनोरमा' का शैक्षणिक भ्रमण कराया गया। इस दौरान बच्चों ने स्वतंत्रता सेनानी ठाकुर कुशाल सिंह चांपावत और 1857 की क्रांति के गौरवमयी इतिहास की जानकारी ली। वहीं, भीलवाड़ा में उद्योग विभाग की ओर से आयोजित एमएसएमई कार्यशाला में टेक्सटाइल उद्यमियों को केंद्र और राज्य सरकार की योजनाओं से अवगत कराया गया।

000

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने तकनीक के विवेकपूर्ण उपयोग पर बल दिया है। राज्यपाल आज जोधपुर में एमबीएम विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने युवाओं का आह्वान किया कि वे सेमीकंडक्टर, अंतरिक्ष अनुसंधान और स्टार्टअप जैसे क्षेत्रों में नवाचार और शोध को बढ़ावा दें। श्री बागडे ने तकनीकी शिक्षा को राष्ट्र निर्माण की प्रयोगशाला बताते हुए कहा कि अर्जित ज्ञान का अंतिम उद्देश्य समाज का उत्थान होना चाहिए। राज्यपाल ने विकास के साथ पर्यावरण संतुलन की आवश्यकता जताते हुए खेजड़ी जैसे पेड़ों के संरक्षण पर जोर दिया।

उन्होंने विश्वविद्यालय द्वारा डोली गांव को गोद लेने और विद्यार्थियों द्वारा किए जा रहे सामाजिक कार्यों की सराहना की। समारोह में 645 विद्यार्थियों को उपाधियां और 15 विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक प्रदान किए गए।

000

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम–एमएसएमई देश के रक्षा विनिर्माण क्षेत्र के एक महत्वपूर्ण स्तंभ के रूप में उभर रहे हैं। नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय रक्षा उद्योग सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि स्थानीय उद्यमी, स्टार्टअप और नवप्रवर्तक भारत की तकनीकी क्षमताओं को बढ़ाने और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण योगदान देने में अहम भूमिका निभा रहे हैं।

---------------------

000

केन्द्र सरकार ने पश्चिम एशिया संघर्ष से प्रभावित भारतीय निर्यातकों को सहायता प्रदान करने के लिए रिजिलियेंस और लॉजिस्टिक इंटरवेंशन योजना शुरू की है। विदेश व्यापार महानिदेशक लव अग्रवाल ने नई दिल्ली में संवाददाता सम्मेलन में बताया कि 14 फरवरी से 15 मार्च के बीच जारी किए गए बिलों के साथ समुद्री और हवाई मार्ग से भेजे जाने वाले शिपमेंट इस योजना के अंतर्गत आएंगे। इनमें प्रमुख मध्य पूर्व क्षेत्रों से आने–जाने वाले कार्गो भी शामिल हैं।

000

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा है कि देश सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक और सांस्कृतिक मोर्चे पर पुनर्जागरण के दौर से गुजर रहा है और अयोध्या स्थित श्री राम जन्मभूमि मंदिर इसका प्रतीक है। वे अयोध्या में एक सभा को संबोधित कर रही थीं। श्रीमती मुर्मु ने कहा कि हम सभी एक समावेशी समाज और विकसित राष्ट्र के निर्माण की दिशा में आगे बढ रहे हैं।

---------------

000

जीएसटी सुधारों और उनके सामाजिक–आर्थिक प्रभाव पर दो दिन की राष्ट्रीय संगोष्ठी आज जयपुर में शुरू हुई। भारतीय सामाजिक विज्ञान अनुसंधान परिषद, नई दिल्ली और राजस्थान सरकार के सहयोग से आयोजित इस संगोष्ठी में विनिर्माण, कृषि और सेवा क्षेत्र पर जीएसटी के असर पर चर्चा की जा रही है। कार्यक्रम में भाग ले रहे प्रोफेसर सच्चिदानंद मुखर्जी ने बताया कि इस संगोष्ठी में जीएसटी टू प्वाइंट ओ के विभिन्न आयामों पर चर्चा की गई।

----------------

000

प्रदेश में सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ के कारण आज लगातार दूसरे दिन कई जिलों में तेज आंधी के साथ बारिश और ओलावृष्टि हुई। सीकर, अलवर और कोटपूतली–बहरोड़ में तेज बारिश के साथ ओले गिरे, वहीं झुंझुनूं, हनुमानगढ़ और पाली में भी रुक–रुक कर बारिश हुई। सिरोही में दिनभर बादल छाए रहे और हल्की बरसात हुई। इस बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि से खेतों में कटी पड़ी फसलों को नुकसान की आशंका जताई जा रही है। मौसम में आए इस बदलाव से दिन और रात के तापमान में सामान्य से 3 से 5 डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आई है। मौसम केंद्र जयपुर ने आज जोधपुर, बीकानेर, अजमेर, जयपुर, भरतपुर, उदयपुर और कोटा संभागों में मेघगर्जन के साथ तेज आंधी और ओलावृष्टि की चेतावनी जारी की है। विभाग के अनुसार, कल भी जयपुर और भरतपुर संभाग सहित कई इलाकों में बारिश की संभावना है।

000

प्रदेशभर में आज घट स्थापना के साथ ही चैत्र नवरात्र की शुरूआत हो गई है। राजधानी जयपुर में आमेर के शिला माता मंदिर में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ घटस्थापना की गई। इसके बाद बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने माता के दर्शन कर सुख–समृद्धि की कामना की। सिरोही जिले में भी मंदिरों और घरों में विधि–विधान से घटस्थापना की गई। भरतपुर के देवी मंदिरों में सुबह से ही भक्तों की लंबी कतारें देखी जा रही हैं। बयाना के झील का बाड़ा स्थित कैला देवी मंदिर में राजस्थान सहित उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा और दिल्ली से बड़ी संख्या में पदयात्री पहुंच रहे हैं। सवाईमाधोपुर के चौथ माता मंदिर में भी नवरात्र और नव संवत्सर को लेकर विशेष उत्साह है।

-------------------

000

डीग ज़िले में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिये हैरिटेज वॉक–वे बनाया जायेगा। जल संसाधन मंत्री और जिले के प्रभारी सुरेश सिंह रावत ने बताया कि जिले मेंयमुना जल समझौते के अंतर्गत नहरों के नवीनीकरण पर 67 करोड़ 36 लाख रुपये खर्च किए जाएंगे। इसके अलावा, डीग के जलमहलों में तालाबों के जीर्णोद्धार के लिए 20 करोड़ रुपये की राशि तय की गई है।

-----------------

000

चूरू में आज से दो दिन का चूरू महोत्सव शुरू हुआ। इस अवसर पर शहर में गाजे–बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें ऊंटों और घोड़ों की सवारी मुख्य आकर्षण रही। इस शोभायात्रा में बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाओं और पुरुषों ने भाग लिया।

000

जयपुर में स्वास्थ्य विभाग की पीसीपीएनडीटी टीम ने भ्रूण लिंग परीक्षण के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। अतिरिक्त मिशन निदेशक डॉ. टी. शुभमंगला ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर सांगानेर इलाके में डिकॉय ऑपरेशन के तहत यह कार्रवाई की गई। टीम ने मौके से एक अवैध पोर्टेबल सोनोग्राफी मशीन और कार जब्त की है। आरोपियों ने लिंग जांच के बदले एक महिला से 80 हजार रुपये लिए थे। टीम ने घेराबंदी कर आरोपियों को उस समय पकड़ा जब वे एक फ्लैट में अवैध रूप से जांच कर रहे थे। विभाग के अनुसार पकड़ा गया गिरोह लंबे समय से इन गतिविधियों में शामिल था। पुलिस मामले में संलिप्त एक अन्य फरार आरोपी की तलाश कर रही है।

000